*This Question Paper contains 16 printed pages.*
*(Part - A & Part - B)*

Sl.No. 100315

| Set No. of Question Paper: |
|---|
| 1 |

# 14 (H)

**(JULY, 2014)**

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में **Part – A** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है । हरेक प्रश्न का गुण **1** है ।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना ।

4) आपको अलग से दिए गये **O.M.R.** पत्रक में प्रश्नों के सामने **(A) O, (B) O, (C) O** और **(D) O** दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को **O.M.R.** शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

1) तुलसीदासजी किस के चातक है?

(A) घने बादल के

(B) रामरूपी घनश्याम के

(C) प्रभुराम के

(D) घनश्याम के

2) श्रीकृष्ण ने वैद्य बनकर किस की पीड़ा मिटा दी?

(A) राधा की

(B) गोपी की

(C) मीरां की

(D) रूकमणि की

3) प्राचीन भारत देश का एक लोकनायक था।

(A) वशिष्ठ

(B) भरत

(C) अशोक

(D) चंद्रगुप्त

4) मिट्टी की महिमा किसमें है?

(A) डटने में

(B) बँटने में

(C) उड़ने में

(D) मिटने में

5) कवि स्वयं को कैसा पहिया मानता है?

(A) जुड़ा हुआ

(B) घिसा हुआ

(C) टूटा हुआ

(D) धँसा हुआ

6) रेढ़ी कौन चलाता है?

(A) रिकशावाला

(B) ताँगेवाला

(C) मोटरवाला

(D) ढ़ेनेवाला

7) कवि 'नीरज' संसार को क्या सिखाते हैं?

(A) 'आगे बढो।'

(B) 'जागो और जगाओ।'

(C) पढ़ो और पढ़ने दो।'

(D) 'जिओ और जिने दो।'

8) तुलसीवन कब झरेंगे ।

(A) दो पहरमें

(B) सूर्योदय होने पर

(C) धूप ढ़लने पर

(D) सूर्यास्त होने पर

9) किसका नाम ओठों पर थरथराता है? ऐसा कवि कहते हैं?

(A) हवा का

(B) लहर का

(C) प्रियतमा का

(D) अजनबी का

10) धरती माता का अन्नदाता कौन है?

(A) महेनतकश इन्सान

(B) रक्षक

(C) दानी

(D) पिता

11) विद्याधर के लिए कौनसी कहावत उचित थी।

(A) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

(B) ऊँची दुकान फिका पकवान।

(C) आँखो के अंधे नाम नयन सुख।

(D) काला अक्षर भैंस बराबर।

12) राम के माथेपर चिन्ता कौन नहीं देख सकते?

(A) माता

(B) पिता

(C) भरत

(D) लक्ष्मण

13) अहीर की बेटी ............... है।

(A) राधा

(B) गोपी

(C) सीता

(D) सत्यभामा

14) कवि रामेश्वर शुक्ल का उपनाम क्या है?

(A) 'सुमन'

(B) 'अज्ञेय'

(C) 'दिनकर'

(D) 'अँचल'

15) औरत के सिर पर ............... है।

(A) टोकरी

(B) बच्चा

(C) वक्सा

(D) गठरी

16) मंत्री चुडामणि की दुहिता कौन थी?

(A) नम्रता

(B) समता

(C) ममता

(D) क्षमता

17) बेटे ने कितने आने कमाएँ?

(A) दो आने

(B) चार आने

(C) आठ आने

(D) दस आने

18) 'माधुर्य और ज्ञान' सभ्यता के लक्षण है ऐसा किसने कहा?

(A) मैथ्यु अर्नाल्ड

(B) शेक्सपियर

(C) डॉ. राधाकृष्णन्न

(D) जार्ज बर्नाडशा

19) विद्रोही पिढ़ी का उद्घाटन समारोह नहीं लेकिन .............. समारोह होना चाहिए।

(A) संगठन

(B) विघटन

(C) विस्फोटन

(D) उद्बोधन

20) 'गोबर का रूख' किस उपन्यास से लिया गया है?

(A) 'गबन'

(B) गोदान

(C) 'निर्मला'

(D) 'सेवासदन'

21) चोरी उनके यहाँ होती है जो .............. होते हैं।

(A) परोपकारी

(B) परिग्रही

(C) परावलंबी

(D) धनवान

22) राम रत्नका बेटा, रामचरण कितने साल का था?

(A) चौदह

(B) बारह

(C) तेरह

(D) पंद्रह

23) सुबह और शाम गौरागाय कितना सेर दूध देती थी?

(A) सात

(B) तीन

(C) दस

(D) बारह

24) धर्मपद के पिता का नाम लिखो।

(A) विशु

(B) शैवालिक

(C) चालुक्य

(D) सोम्य श्री दत्त

25) गोलंबर के पास की गई आवाज कितनी बार प्रतिध्वनित होती है?

(A) दो बार

(B) आठ बार

(C) छः बार

(D) चार बार

26) चीन का राजा कैसा था?

(A) क्रुर

(B) दयालु

(C) पराक्रमी

(D) भयभीत

27) अंधेरी रात है, मगर ............... कब मना है?

(A) सपने देखना

(B) तारे गिनना

(C) दीया जलाना

(D) किसी की राह देखना

28) बम और पिस्तोल किसके पर्याय नहीं हो सकते?

(A) क्रान्ति

(B) सभ्यता

(C) शक्ति

(D) आदर्श व्यवस्था

29) मनोजदत्तार्दां की पत्नी का नाम ............... था।

(A) लक्ष्मी

(B) शारदा

(C) शोभना

(D) इन्द्राणी

30) नर्मदा किसकी बेटी है?

(A) मैदान की

(B) पहाड़ की

(C) दूधधारा की

(D) कपिलधारा की

31) निम्नलिखित संधि में से कौन सी संधि गलत है?

(A) दिगम्बर = दिक् + अम्बर

(B) उन्नति = उत् + नति

(C) विद्यालय = विद्या + लय

(D) अहंकार = अहं + कार

32) निम्नलिखित शब्दों का सही संधिविग्रह बताइए।

(A) वा + वावरण

(B) वात् + आवरण

(C) वाताव + रण

(D) वाता + वरण

33) निम्नलिखित में से सुचित समास बताइए।

* द्विगुसमास

(A) माँ – बाप

(B) निर्लज्ज

(C) सिंगारदानी

(D) दुअन्नी

34) निम्नलिखित वाक्यों में से रेखांकित समास का प्रकार बताइए।

* वाक्य – मातृभूमि से ही हम अन्न – जल मिलता है।

(A) कर्म धारय

(B) अव्ययभाव

(C) द्वन्द्व

(D) तत्पुरूष

35) निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित शब्द–समूह बताइए।

* गिरीधर =

(A) गिरी की धारा।

(B) विधाता का पुत्र।

(C) पर्वत को धारण करनेवाला।

(D) विधाता का खेल।

36) निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक एक शब्द बताइए :

* जिस की किस्मत अच्छी हो।

(A) बद किस्मत

(B) किस्मत दार

(C) किस्मत वाला

(D) खुश किस्मत

37) निम्नलिखित वाक्यों का भूतकाल में परिवर्तन इस प्रकार होगा।

(A) वह सरकार को चलाता है।

(B) वह सरकार चली।

(C) उसने सरकार को चलाया।

(D) वहने सरकार चलाई।

38) निम्नलिखित वाक्यों का काल परिचय दिजिए।

वाक्य :– न खाने से सब ठीक हो जाएगा।

(A) भूतकाल

(B) पूर्णवर्तमान काल

(C) भविष्यकाल

(D) सामान्य वर्तमानकाल

39) निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा बताइए :

शब्द :– गुलाम।

(A) गुलामत

(B) गुलामगिरी

(C) गुलामी

(D) गुलामत्व

40) निम्नलिखित वाक्य में से 'भाववाचक' शब्द बताइए :

वाक्य :– जिन्दा रहने की ख्वाहिश मुझमें भी होनी चाहिए।

(A) जिन्दा

(B) रहना

(C) चाहिए

(D) ख्वाहिश

41) निम्नलिखित शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा बताइए :

शब्द :– पाप

(A) पापमय

(B) पापी

(C) पापदार

(D) पापात्मक

42) निम्नलिखित कर्तृवाचक संज्ञा की सही जोड़ बताइए :

(A) दावा – दावादार

(B) दावा – दावाबाज

(C) दावा – दोवेदार

(D) दावा – दावाखोर

43) निम्नलिखित शब्दों की गलत जोड़ बताइए।

(A) एतराज – आपत्ति

(B) कठिन – मुश्किल

(C) क्रुर – अक्रुर

(D) बुद्धिमान – अकलमंद

44) निम्नलिखित पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए :

(A) रेखा – लकीर

(B) बालू – भालू

(C) बन्धु – सिन्धु

(D) साक्षी – शपथ

45) निम्नलिखित विरोधी शब्दों की जोड़ में से अनुचित जोड़ बताइए।

(A) शुभ – अशुभ

(B) प्रशंसा – निंदा

(C) नया – पुराना

(D) हर्ष – वर्ष

46) निम्नलिखित शब्दों के विलोम (विरोधी) शब्द बताइए : 'रोगी'

(A) विरागी

(B) सरोगी

(C) रोगिष्ठ

(D) निरोगी

47) निम्नलिखित मुहावरों के सही अर्थ बताइए :

❊ उलटे पाँव लौटना।

(A) देर से लौटना

(B) तुरन्त लौटना

(C) रूककर लौटना

(D) काम पुरा करके लौटना

48) निम्नलिखित कहावत का अर्थ के अनुसार ढूँढीए।

❊ सच्चा न्याय करना।

(A) आम के आम गुठ़ली के भी दाम ।

(B) अंधेरी नगरी, चौपट राजा।

(C) दूध का दूध पानी का पानी।

(D) कहाँ राजा भोज, कहाँ गंगू तेली।

49) कालवाचक विशेषण –

(A) अब

(B) इतना

(C) धीरे – धीरे

(D) समीप

50) किस संयोजक का प्रयोग करने पर संयुक्त – वाक्य बनेगा।

वाक्य :– जा, जाकर कुछ कमा ला। रात का भोजन नहीं मिलेगा।

(A) और

(B) परन्तु

(C) नहीं तो

(D) क्यों कि

# 14 (H)

**(JULY, 2014)**

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट कीजिए।
2) प्रश्नपत्र के Part - B चार विभाग है और कुल 1 से 21 प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। विकल्प आंतरिक हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

### विभाग - A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए । (किन्हीं चार)** [8]

1) कोयल कब मौन धारण करती हैं, क्यों?
2) भारत देश को संसार का सिरमौर देश क्यों कहा गया है?
3) मनियार क्या क्या बेचता है?
4) किसान खून – पसीना बहाकर क्या करते हैं?
5) होली खेलते हुए राधा–कृष्ण की प्रणयलीला का वर्णन कीजिए।

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिये । (किन्हीं दो)** [4]

6) ममता ने पथिक को आश्रय क्यों दिया?

7) अमीर बाप–के बेटे को, दुअन्नी कैसे मिली?

8) ताले को "ईमानदार सिपाही" क्यों कहा गया है?

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : (किन्हीं एक)** [3]

9) गौरा की मृत्यु किस प्रकार हुई?

10) चीन के राजा ने भारत पर आक्रमण न करने की आज्ञा क्यों दी समझाइए।

## विभाग - B

■ **रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर 'शीर्षक' एवं बोध लिखिए । 'शीर्षक' लिखना अनिवार्य है।** [5]

11) रूपरेखा → एक गाँव – एक बच्चे के लिए दो माँ का झगड़ना – दोनो का दावा – एक भले आदमी की सलाह – न्याय के लिए काजी के पास जाना – दोनों की दलिल सुनना – काजी का सोचना – आज्ञा – बच्चे का दो टुकड़ा करके – आपस में बाँट लो – एक माँ का स्वीकार – दूसरी माँ का इन्कार – काजी का फैंसला – सीख।

12) **निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ या ने विचार – विस्तार लिखो।** [5]

1. "घायल की गति घायल जाने, कि जिन लाई होय।
   जौहरी की गति जौहरी जाने, जिन जौहर होय।।"

2. बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
   पंथी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर।।

## विभाग - C

■ **परिच्छेद को पढ़कर, नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** [5]

परिच्छेद –

आज मेरी कमजोरियाँ लोगों के सामने नहीं है। अगर मैं फाँसी से बच गया तो वह जाहिर हो जाऐगी और इन्कलाब का निशान मद्धिम पड़ जाएगा या शायद मिट ही जाये, लेकिन दिलेराना ढँग से हँसते हँसते फाँसी पाने की सूरत में हिन्दुस्तानी माताएँ अपने बच्चों को भगतसिंह बनने की आरज़ू किया करेंगी और देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वालों की तादाद याने शक्ति इतनी बढ़ जायेगी कि इन्कलाब को रोकना साम्राज्यवाद की संपूर्ण शैतानी शक्तियों के बस की बात न रहेगी।

प्रश्न :–

13) लोगों को किसका ज्ञान नहीं था?

14) भगतसिंह के फाँसी से बच जाने पर क्या हो सकता था?

15) भगतसिंह किस तरह फाँसी पर चढ़ना चाहते थे?

16) हिन्दुस्तानी माताएँ क्या आरजू करती रहेगी?

17) देश की आज़ादी के लिए बलिदान देनेवालो की तादाद याने शक्ति बढ़ने से क्या होगा?

18) **निम्नानुसार पत्र लिखिए ।** [5]

46, शारदानगर सोसायटी, पालडी, अहमदाबाद– 380007, से उषा ठाकर, नवसारी में निवास करनेवाली अपनी बेटी पिन्की को बढ़ती हुई महँगाई को ध्यान में रखकर, घरखर्च कम करने के लिए अनुरोध करती हुई पत्र लिखती है।

19) **अहवाल लेखन लिखिए।** [5]

अपनी पाठशाला में 'आधार कार्ड' का कार्यक्रम रखा गया है। उसके बारे में करीब 50 शब्दों में अहवाल लेखन लिखिए।

## विभाग - D

**20) भाषा शुद्धि को ध्यान में रखकर परिच्छेद फिर से लिखिए ।** **[2]**

(वाक्य में लिंग, वचन, काल विशेष महत्व है)

परिच्छेद –

मैंने वृद्धाश्रम में बात कर लिया है। वहाँ व्यवस्था हो जाएगा। मैं सुबो पापा की अपना गाडी मैं अपना साथ ले जाकर छोड़ आऊंगी।

**21) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए ।** **[8]**

1. मेरा भारत महान ।

   भारत का गौरव पूर्ण इतिहास – भारत का प्राकृतिक सौंदर्य – अमूल्य साहित्य – भारत की रक्तवाहिनी क्रांति – युध्दों में विजय – स्वातंत्र्योत्तर भारत की सिध्दियाँ – भविष्य ।

2. धरती के अनन्त उपकार।

   धरती – हमारी माता – धरती की उदारता धरती के उपकार – खाद्य पदार्थ – बहुमूल्य खनिज – आलीशान भवन – धरती के प्रति हमारा व्यवहार – चेतावनी की उपेक्षा अंत ।

⊖⊖⊖